तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 सीएम हाउस घेरने निकले अभ्यर्थियों को पुलिस ...



11 आज भाजपा की नामांकन रैली, मुख्यमंत्री साय सहित...



# अंचल में गूंजने लगे सुआ गीत, बालिकाएं व महिलाएं घरों व दुकानों में दे रहीं प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जगमग रोशनी के महापर्व दीपावली के नजदीक आते ही हर वर्ग इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुट गया है। जिला मुख्यालय में दीपावली पर्व में व्यापारी वर्ग अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लिए ग्राहकों की आस में अपने दुकानों में पर्व को चार चांद लगाने वाले वस्तुओं को सजाकर बैठे हैं, वहीं कुम्हार वर्ग भी मिट्टी के दिए सहित अन्य सामानों के साथ अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाए हुए हैं।

इस बीच जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा भी देखने को मिल रही है। अंचल की प्यारी-प्यारी बेटियां व महिलाएं पारंपरिक सुआ गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दे रही हैं।

## जिला मुख्यालय सहित गांवों में दिखाई दे रही है छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा

### दीपावली के आगमन के पूर्व से गया जाता है सुआ गीत

प्रतीकात्मक रूप से सुआ मिट्टी से निर्मित हरे रंग के तोते ने ले लिया। सुआ गीत संपूर्ण छत्तीसगढ़ में दीपावली के पूर्व से गाया जाता है, जो देवउठानी एकादशी तक अलग-अलग परंपराओं के अनुसार चलती है। सुआ गीत गाने की अवधि धान के फसल के खलिहानों में आ जाने से लेकर उन्हारी फसलों के परिपक्वता के बीच का ऐसा समय होता है, जहां कृषि कार्य से कुछ वक्त के लिए विश्राम मिलता है। सुआ सामूहिक गीत है जिसे छत्तीसगढ़ की नारियां मिट्टी से निर्मित सुआ को एक टोकरी के बीच में रखकर वृत्ताकार के रूप में खड़ी होती हैं। महिलाएं सुआ की ओर ताकते हुए, झुक-झुक कर चक्कर लगाते हैं ताली बजाकर नृत्य करते हुए सुआ गीत को गाती हैं।



बच्चियां व महिलाएं प्रतिष्ठानों व घरों में जाकर अपनी तरी हरि नाहना गीत गाकर परंपरा का निर्वहन कर रही हैं। उल्लेखनीय की छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की मोहकता, दीपावली त्यौहार पर दिखाई देती है।

नन्ही बालिकाओं की टोली हर गली मोहल्ले में सुआ नृत्य करते हुए छत्तीसगढ़ की इस परंपरा को बरकरार रख रही हैं। इस दौरान प्रतिष्ठानों एवं घरों के लोग उन्हें भेंट स्वरूप इनाम भी दे रहे हैं और सुआ गीत प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं एवं महिलाओं से आशीष ले रहे हैं। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में परंपराओं की महकती बगिया है, जहां लोकगीतों की रसदार बयार बहती है। लोकगीतों की इस पावन गंगा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

### लोकगीतों की समृद्ध परंपरा

छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की समृद्ध परंपरा कालांतर से लोक मानस के कंठ कंठ में तरंगित रही है। जिसमें भोजली, गौरा गौरी, सुआ व जसगीत त्योहारों में गाए जाने वाले लोकगीतों के साथ ही कर्मा, ददरिया, बांस, पंडवानी जैसे सदाबहार लोकगीत छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में गूंजते रहते हैं। इन गीतों में यहां के सामाजिक जीवन व परंपराओं को भी परखा जा सकता है, जिसमे छत्तीसगढ़ी लोकगीत सुआ जिसे परंपरा के रूप में सदियों से यहां की नारियां गाती आ रही है।

## खबर संक्षेप

### धमधा के सूने मकान से लाखों की चोरी

**धमधा** । सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक वार्ड 6 निवासी गौतम राम यादव ने शिकायत किया है कि वे ग्राम सलोनी जिला राजनांदगांव में कृषि कार्य करता है और धमधा में परिवार के साथ अपने ससुराल में निवास करता है। 19 अक्टूबर की शाम मकान में ताला जड़कर सास को कुम्हारी जाने के लिये बस बैठाया। अपनी पत्नी मंजूला यादव, बच्चो को लेकर कार से ग्राम सलोनी चला गया। 20 अक्टूबर की दोपहर फोन आया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले।

### सोसायटी में चोरी

**भिलाई**। सोसायटी में चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ई) व 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सेवा सहकारी समिति कुम्हारी के प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके ने शिकायत किया है कि 16 अक्टूबर की शाम समिति कार्यालय कुम्हारी में चौकीदार सोनसाय चतुर्वेदी तबियत खराब होने से कार्यालय में ताला लगाकर अपने घर चला गया था। 17 अक्टूबर की सुबह चौकीदार जब पहुंचा तो उसने फोन कर बताया कार्यालय में चोरी हो गया है। कार्यालय से सीसी कैमरा केबल वायर 200 मीटर, 4 बोरा सिलाई मशीन, हेलोजन लाइट, एलईडी लाईट, समेत अन्य सामान पार कर दिया है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर दी जान

**भिलाई**। एक युवक के शिवनाथ नदी में कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव का मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने शिवनाथ नदी से शव को बाहर निकाला।

**सौगात :** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने किया भूमिपूजन

# जिला मुख्यालय में बनेगा 2 करोड़ 34 लाख की लागत से बनेगा परिवार न्यायालय भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट परिसर के पास नवीन जिला न्यायालय परिसर में 233.92 लाख की लागत से परिवार न्यायालय भवन का निर्माण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने भवन निर्माण के लिए मंगलवार को विधि विधान से भूमिपूजन किया।

परिवार न्यायालय भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास पोर्टफोलियो जज, जिला न्यायालय बेमेतरा उपस्थित रहे। सुबह 10 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायालय से संबंधित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं पक्षकार भी मौजूद रहे। इस दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में अच्छे सर्व सुविधायुक्त न्यायालय व आवासीय भवन उपलब्ध कराना है, जिसके तहत आज परिवार न्यायालय का भूमिपूजन व शिलान्यास किया जा रहा है। उन्हें यह भी कहा कि लोक निर्माण विभाग समय-सीमा में इतना अच्छा व गुणवत्ता युक्त भवन तैयार करे, जिससे भविष्य में लोगों को लम्बे समय तक यह भवन याद रहे। नवीन भवन सभी प्रकार की सुविधा से सुसज्जित होगा जिससे यहां आने वाले पक्षकारों और परिवारों को किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन पहली सीढ़ी है, नवीन भवन बन जाने के बाद परिवार न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारीगण की कार्य क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश को भी यह कर्तव्य निभाना होगा कि भवन निर्माण के पश्चात उसकी साफ-सफाई व आने वाले पक्षकारों को आवश्यक मूलभूत सुविधाए मिलती रहें।






### परामर्श कक्ष के साथ किलकारी भवन भी

विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास, पोर्टफोलियो जज, जिला न्यायालय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्य न्यायाधिपति द्वारा परिवार न्यायालय नवीन भवन का भूमिपूजन किया जाना अत्यंत सुखद है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बेमेतरा के न्यायिक इतिहास में मिल का पत्थर

कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला न्यायालय बेमेतरा में यह तीसरा कार्यक्रम संपन्न हुआ है एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास के सतत पर्यवेक्षण से नवीन भवन का शिलान्यास संभव हो सका है, जो बेमेतरा के न्यायिक इतिहास का एक मिल का पत्थर है। उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व समस्त सभाजनों का अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का परिवार न्यायालय की न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने आभार प्रदर्शित करते हुए अतिथिगण एवं समस्त अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारीयों एवं निर्माण एजेंसी ने भी समय से पहले इस भवन का निर्माण पूरा करने की बात कहीं। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला न्यायालय व परिवार न्यायालय के कर्मचारीगण, मिडिया व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एथेनाल प्लांट बंद करने की मांग को लेकर जारी किसानों के आंदोलन का एक माह पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम रांका और पथर्रा में निर्माणाधीन एथेनाल व पावर प्लांट बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीण एवं किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को एक महीना पूरा हो गया। बीते 23 सितंबर से जारी धरना प्रदर्शन के मंगलवार 22 अक्टूबर को पूरा एक माह बीत जाने के बावजूद ग्रामीण जहां डटे हुए हैं, वहीं शासन प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठा भी रहे हैं। धरना स्थल पर मंच के माध्यम से किसानों ने लगाया कि

- वक्ताओं ने शासन-प्रशासन पर लगाया संवेदनहीन होने का आरोप

पहली बार इतनी संवेदनहीन और निष्क्रिय शासन प्रशासन देखने मिल रही है। वहीं, उद्योगपति और प्रशासन भी इस आंदोलन को बिखेरने के लिए हर तरह का कई हथकंडे अपना रहे हैं। एथेनाल प्लांट के प्रारंभ होने से एवं इसकी बदबू और प्रदूषण होने की इस स्थिति में इस आंदोलन का स्वरूप और वृहद रूप ले सकता है। किसान नेता प्रमील तिवारी व जनपद सदस्य सिद्दीक खान, अजिताभ मिश्रा ने कहा कि चुनाव के पहले तक इन प्लांट का विरोध करने वाली भारतीय जनता पार्टी अब खुल कर अपने सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पर बेमेतरा को एथेनाल प्लांट एवं स्पंज आयरन हब के रूप में प्रचारित कर इन किसानों का उपहास उड़ाने का ही काम कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि जिले के इतिहास में कोई किसान आंदोलन पहली बार एक माह तक लगातार चला रहा है। एक माह की लंबी अवधि के बाद भी किसानों में जुनून और जज्बा पहले दिन की ही तरह दिखाई दे रहा है।

अपनी ताकत बढ़ाने किसान प्रतिदिन आस पास के गांव में पदयात्रा कर जन जागरण कर इस आंदोलन के लिए जन समर्थन को और मजबूत कर रहे हैं।

# 8 प्रधान आरक्षकों की पदोन्नति, सहायक उप निरीक्षक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी रामकृष्ण साहू एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा ने पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षकों को स्टार व कैंप लगाकर पदोन्नत किया। बता दें कि प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक की योग्यता सूची वर्ष 2024 में लाई गई थी, जिन्हें प्रधान आरक्षक की पीपी कोर्स उत्तीर्ण करने के बाद दुर्ग जिले से बेमेतरा जिले में आमद आने के उपरांत 8 प्रधान आरक्षक अब्दुल महफूज खान, पुरूषोत्तम लाल कुलार्य, टुमन लाल चतुर्वेदी, संतोष कुमार मिश्रा, पूरन लाल, मोहन लाल साहू, तुलसीराम बिझेकर एवं अश्वनी कुमार सिंह को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि पदोन्नति के साथ-साथ उत्तरदायित्व में बढ़ोतरी हुई है। इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपनी दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। डीएसपी राजेश कुमार झा ने भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनाएं देते हुए बेमेतरा जिले की पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने को कहा। इस दौरान स्टेनो अजय कुमार देवांगन, स्थापना/एसआरसी लिपीक सउनि (अ) दीपक गर्जेवाल, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, आरक्षक प्रवीण कुमार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

- पुलिस अधीक्षक ने स्टार व कैप लगाकर किया पदोन्नत

# पुल बनाने के बाद फीलिंग करना भूल गया ठेकेदार, सालभर से ऐसी ही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सीमावर्ती इलाकों पर शासन-प्रशासन की कम सक्रियता एवं मौजूदगी का फायदा विभिन्न निर्माण विकास कार्य में बड़ी लापरवाही व मनमानी ठेकेदारों द्वारा बरती जाती है, जिसका ताज़ा नज़ारा इन दिनों साजा विकासखण्ड के सुदूर इलाके में स्थित हाथीडोब एवं सन्डोंगरी गाँव के बीच निर्मित पुल को देखकर लगाया जा सकता है। जहां पर एक जिम्मेदार विभाग द्वारा सड़क क्षेत्र में सेतु का निर्माण आधे-अधूरे हालत में है, जिसे पूरा बता दिया गया है। यह एक ओर जहां आम नागरिकों के लिए आश्चर्य का विषय है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों-मुसाफिरों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है।

- हाथीडोब-सनडोंगरी गाँव के बीच अधूरा पुल बना परेशानी का कारण




दरअसल गाँव से कुछ ही दूरी पर पुल बनाया गया है। लेकिन, उसके बाद न ही उसमें साइड सोल्डर को फील किया गया है और न ही पुल पर सुरक्षा घेरा या गर्डर लगाया गया है। इसके कारण कभी भी इस जगह पर गम्भीर हादसे होने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि इस मार्ग का उपयोग साजा क्षेत्र के इलाके से धमधा एरिया में प्रवेश करने के लिए उपयोग होता है। इससे यहां का स्थानीय आवागमन ग्रामीण स्तर पर ही होने के कारण अब तक इस अधूरे एवं लापरवाहीपूर्ण निर्माण के सम्बंध में कोई शिकायत साजा विकासखण्ड एवं बेमेतरा ज़िला प्रशासन को नहीं मिली है। लिहाजा फिलहाल ठेकेदार की मनमानी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों का कहना है कि ▶▶| शेष पेज 11 पर

**स्वामी करपात्री जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य ने दूर किया संशय**

# भ्रमित न हो, लक्ष्मी पूजन एक नवंबर को ही शुभ : पं प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



इस वर्ष दीपावली पर्व एवं लक्ष्मी पूजन की तिथि को लेकर बने असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

वहीं, सोशल मीडिया में बने हालात के कारण भी धर्म संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे लेकर धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य पंडित प्रमोद शास्त्री ने 1 नवंबर को लक्ष्मीपून किए जाने की सलाह दी है। उन्होंने तिथि को लेकर स्पष्ट करते हुए कहा कि लक्ष्मी पूजन अमावस्या तिथि को ही शुभ शास्त्र सम्मत माना गया है। यह तिथि 1 नवंबर दिन शुक्रवार को पड़ रही है, जिसके कारण लक्ष्मी पूजन 1 नवंबर को ही किया जाना उचित होगा। पंडित प्रमोद शास्त्री ने कहा कि धनतेरस 30 अक्टूबर को, नरक चौदस 31 को एवं 1 नवंबर को लक्ष्मी पूजन, 2 नवंबर को दिवाली त्यौहार तथा 3 नवंबर को भाई दूज का त्योहार मनाना ही उचित होगा। साथ ही पंडित प्रमोद शास्त्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि पांच दिवसीय त्यौहार में किसी तरह का कोई संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह निर्णय श्री देव पंचांग में दिए गए मान्यताओं के आधार पर ही सर्वसम्मति से लिया गया है। उन्होंने कहा कि लोग पांच दिवसीय इस त्यौहार को परंपरा अनुसार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाएं और लोगों के घरों में सुख-समृद्धि का वास हो यही हम कामना करते हैं।

### सोशल मीडिया में दिए जा रहे कई तर्क

विदित हो कि दीपावली त्यौहार एवं लक्ष्मी पूजन को लेकर लगातार सोशल मीडिया में विभिन्न तरह के तर्क देकर अलग-अलग दिन मनाए जाने की बातें कही जा रही हैं। इससे एक तरह से लोगों में भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे देखते हुए पंडित प्रमोद शास्त्री ने लक्ष्मी पूजन 1 नवंबर को ही किया जाना शास्त्र सम्मत बताया है।

## मिट्टी के दीयों और मूर्तियों से सजा बाजार



**थानखम्हरिया**। दीपावली की खूबसूरती मिट्टी के दियों की रोशनी से होती है। वैसे बाजार में तरह-तरह के बिजली वाली लाइट और झालर मौजूद हैं। इस कारण मिट्टी के दीयों की बिक्री में आजकल थोड़ी कमी आई है। फिर भी दिवाली पर पारंपरिक रूप से मिट्टी के दीये जलाने के चलन को लेकर इसकी खास बिक्री होती है। इसके साथ ही कुम्हारों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। सनातन हिंदू धर्म में दीपावली पर दीया जलाने की परंपरा रही है। बाजार में धीरे-धीरे रौनक बढ़ रही है। दुकानों और घरों की सजावट रंग, पेंट की से की जा रही है। लोग घरों की साफ-सफाई और रंग रोगन में लगे हुए हैं। दीपावली की सुंदरता को निखार सकें, इसी को मद्देनजर व्यापारी दुकानों में सजावटी सामानों का स्टाक ले आए हैं। सजावटी सामान व रंग, पेंट की दुकान पर लोगों की खासी भीड़ देखी जा रही है। धनतेरस व दिवाली को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। स्टील बर्तन, कपड़ा दुकान, सोने चांदी की दुकान सजावट सामान की खरीदी लोगों ने चालू कर दी है। उम्मीद है। इस वर्ष फसल अच्छी होने के कारण व्यापार अच्छा रहेगा।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### रमन मंदिर वार्ड में गैस कनेक्शन वितरण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत रमन मंदिर वार्ड में 180 महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा एवं पार्षद सूर्यकांत राठौड़ द्वारा किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई है।इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू,मोहन एंटी,गोरेलाल नायक,संजय शर्मा,धनेश साहू,केदार यादव,ललिता यादव,बृजेश रावत,विष्णु नामदेव,शंभू गुप्ता सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

### 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एक राज्य स्तरीय संस्था है। इससे जुड़े 90 हजार से ज्यादा फोर व्हीलर वाहन के चालकों की समस्या सुलझाने के साथ ही ड्राइवर्स के अधिकार और सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसका हमें अभी तक अच्छा परिणाम मिला है। इस जानकारी के साथ हमने कलेक्टर सहित शासन, प्रशासन से तीन सूत्रीय मांग की है। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम ने बताया कि अहम मांगों में ड्राइवर आयोग का निर्माण, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बनाने के साथ ही 1 सितंबर को राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग रखी है। इस पर अगर मई 2025 तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून से सभी ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल का रूख करेंगे।

### आईटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का वृद्धाश्रम भ्रमण



**रायपुर।** स्व. कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैंप में आईटीएम विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक समूह ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मिलकर उन्हें भोजन कराया और मिठाई बांटी। साथ ही सूखा अनाज भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने दीपावली के पूर्व सामाजिक सरोकार के दृष्टिकोण से असहाय निराश्रित बुजुर्गों से मिलकर उन्हें कुछ पल की खुशियां बांटीं। इस अवसर पर अनीश बैनर्जी, डॉ. अमिय जानी, गुंजन सिन्हा, छात्र छात्राओं का समूह, वृद्धाश्रम की वार्डन पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव उपस्थित रहे।

### निमोरा में होगा रूद्र महायज्ञ, जल और मिट्टी एकत्र करने में जुटे



**रायपुर।** निमोरा में प्रस्तावित अति रुद्र महायज्ञ की तैयारी के लिए भवानी भवन मूर्ति कला केंद्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू चार धाम भारतवर्ष के 24 तीर्थ, प्रमुख नदियों, महासागरों का जल और मिट्टी एकत्र करने में लगे हुए हैं। वर्तमान में धर्मस्थलों नदियों और महासागरों की मिट्टी और जल एकत्र करने के लिए भारतवर्ष के दक्षिण क्षेत्र में यात्रा कर रामेश्वरम तिरुपति मदुरै और वहां के महासागर की मिट्टी और जल एकत्र करने में लगे हुए हैं। यह इनका अंतिम चरण है, जब पूरे भारतवर्ष के लगभग 300 धर्मस्थलों, चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग, नदियों तथा महासागरों का जल लेने भारत के दक्षिण राज्यों के भ्रमण पर है। श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2011 में सतचंडी यज्ञ, वर्ष 2017 मे रुद्र महायज्ञ के बाद से ही उन्होंने वर्ष 2025 में अति रुद्र महायज्ञ करने का संकल्प ले लिया था।

# आईटीएमएस संचालन के लिए 5 माह का मिला एक्सटेंशन, फंड का रोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के चप्पे-चप्पे की गतिविधि पर नजर रखने वाले दक्ष सेंटर को चलाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। न ही राज्य सरकार से फंड मिलेगा। ऐसे में अब रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अपने 200 करोड़ के अहम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के संबंध में बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में निर्णय लेगा कि दक्ष संचालन के लिए रीटेंडर किया जाए या नहीं।

हालांकि केंद्र सरकार ने राजधानी के जयस्तंभ चौक स्थित इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक एक्सटेंशन दिया है, पर साथ में सलाह दी है कि नगर निगम खुद इसके लिए फंड जनरेट करे। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वर्ष 2015 -16 में 200 करोड़ के आईटीएमएस सेंटर दक्ष का संचालन व संधारण करने 7 वर्षों के लिए लार्सन एंड टूब्रो कंपनी को अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी का कार्काल नवंबर माह में समाप्त होने वाला है। इन 8 सालों में तकनीक में बदलाव के साथ ही साफ्टवेयर को अपग्रेड करने की जरूरत है, लेकिन आईटीएमएस अभी उसी पुरानी तकनीक पर काम कर रहा है। इसे अपग्रेड स्मार्ट सिटी के पास फंड नहीं है। ऐसे में अगले माह से दक्ष के संचालन व संधारण को लेकर दिक्कतें आ सकती हैं। हालांकि केंद्र सरकार से आईटीएमएस प्रोजेक्ट को 5 महीने का एक्सटेंशन दिया गया है, पर इसमें रायपुर स्मार्ट सिटी को इसके संचालन के लिए खुद फंड की व्यवस्था अपने साधनों से करनी होगी।

### नगर निगम और राज्य सरकार के पास दक्ष चलाने फंड नहीं

■ केंद्र ने दी सलाह, खुद फंड जनरेट करें, स्मार्ट सिटी के बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय




#### स्मार्ट सिटी भेज रहा शासन को वित्तीय प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शासन को एक वित्तीय प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेज रहा है, जिसमें यह सुझाव दिया गया है, आईटीएमएस से चालानी कार्रवाई को 3 से 5 फीसदी बढ़ाई जाए। दक्ष की मदद से शहरभर के प्रमुख चौराहों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे यातायात उल्लंघन करने वालों से चालान के रूप में मिलने वाली पूरी राशि वर्तमान में वित्त विभाग को चली जाती है। इसके स्थान पर इस राशि में से आईटीएमएस को भी एक निश्चित अनुपात में राशि प्रदान की जाए, जिससे कि इस प्रोजेक्ट का संचालन व संधारण सुगमता पूर्वक किया जा सके।

#### हर महीने 50 लाख लोगों का चालान, अमल 10 हजार पर

रायपुर स्मार्ट सिटी की हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि हर महीने दक्ष कमांड सेंटर से यातायात नियम तोड़ने वाले 50 लाख लोगों का चालान जनरेट किया जाता है लेकिन इस पर अमल बमुश्किल 10 हजार लोगों पर ही हो पाता है। अगर इस सिस्टम को मजबूत बना दिया जाए, तो आईटीएमएस के संचालन व संधारण में आसानी होगी।

### नियुक्ति नहीं दिए जाने से डीएड, डीएल अभ्यर्थी नाराज

# सीएम हाउस घेरने निकले अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोका, शहर से बाहर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अपने हक की मांग करने पहुंची महिला अभ्यर्थी सोमवार को उस समय फफक कर रो पड़ी, जब पुलिस के एक अधिकारी ने सीएम परिसर के सामने से हटाने फटकार लगाई। अभ्यर्थी ने रूंधे हुए गले से कहा कि हम अपने अधिकार की मांग करने आए हैं, पर हमारी बात नहीं सुनी जा रही है।

दरअसल, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति नहीं दिए जाने के विरोध में प्रदेशभर के डीएड-डीएल पास अभ्यर्थी सोमवार को सीएम हाउस घेरने सिविल लाइन पहुंचे। पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोका, इस पर प्रदर्शनकारी परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए। अब तक ये अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। रविवार को प्रशासन ने उन्हें धरना स्थल के रिनोवेशन का हवाला देते हुए धरना स्थल खाली कराया। इसके बाद सोमवार सुबह से सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी सिविल लाइन पहुंचकर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग करते सीएम परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए। पुलिस वालों ने उन्हें वहां से हटने कहा, तो नहीं माने, तो पुलिस ने फटकार लगाई। अभ्यर्थियों का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा। 6 माह पहले हाईकोर्ट ने भी उन्हें नियुक्ति देने का फैसला दिया है, लेकिन सरकार नियुक्ति नहीं दे रही।



■ परिसर के सामने सड़क पर बैठ गए, पुलिस ने लगाई फटकार, आचार संहिता का दिया हवाला

■ नवा रायपुर के तूता धरनास्थल खाली कराने से नाराज अभ्यर्थी

#### बस में भरकर ले गई पुलिस, शहर के बाहर छोड़ा

सीएम हाउस परिसर सामने धरना दे रहे आंदोलनकारियों को पुलिस के जवान बस में भरकर वहां से ले गए और शहर से बाहर ले जाकर छोड़ दिया। इसे लेकर डीएड अभ्यर्थियों में नाराजगी देखी गई।

#### 2 अक्टूबर से नवा रायपुर के तूता में दे रहे थे धरना

डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश अनुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग को लेकर 2 अक्टूबर से तूता के धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे। रविवार को उन्हें धरना स्थल से हटाया गया। भुक्तभोगियों का ये भी कहना है, सरकार संविधान और न्यायपालिका के आदेश का पालन नहीं कर रही। इसके विरोध में अब तक उन्होंने धरना स्थल के पास जल सत्याग्रह, न्याय के लिए चाय बेचने से लेकर प्रदेश के सभी संभागों में न्याय यात्रा निकालकर जल्द नियुक्ति की गुहार भी लगाई।

#### डाटा एंट्री आपरेटर पहुंचे सीएम हाउस घेरने, ज्ञापन सौंपा

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर 2 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे डाटा एंट्री आपरेटर सोमवार को सीएम हाउस घेरने पहुंचे। मुख्यमंत्री निवास के सामने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। साय सरकार हम भी मोदी का परिवार, विभाग तय कर नियमितीकरण दो जैसे नारे पोस्टर में लिखे हुए थे। पुलिस के अधिकारियों ने सीएम हाउस के सामने धरना प्रदर्शन की मनाही की, पर आपरेटर नहीं माने और नारेबाजी करते रहे। बाद में पुलिस प्रशासन ने उन्हें वहां से हटाया। डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है, 17 साल से 6 सरकारी विभागों का काम वे करते रहे हैं, पर शासन ने अब तक उनका विभाग तय नहीं किया है। उन्हें 7 माह का वेतन अब तक नहीं मिला। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा है, मांग पूरी नहीं होने पर मंगलवार को डाटा एंट्री आपरेटर वित्तमंत्री के बंगले का घेराव करेंगे।

# ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका, सुनवाई 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद भी इसकी अनदेखी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ध्वनि प्रदूषण मामले पर एक हस्तक्षेप याचिका लगाई है। यह याचिका चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा के बेंच में दायर की गई है, जिसें बेंच ने हस्तक्षेप एप्लिकेशन के रूप में स्वीकार कर लिया है।

■ दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश में भी शिकायत के लिए आनलाइन पोर्टल बनाने की मांग

श्री चौबे ने बताया कि कि उन्होंने वर्तमान में डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यावरण विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सदस्य सचिव के अलावा जिला कलेक्टर रायपुर को लिखित में शिकायत की थी। इसमें इस बात से अवगत कराया था कि सर्वोच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना हो रही है। इस विषय को लेकर एक याचिका उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस पर अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। पूर्व में एक पिटीशन नागरिक संघर्ष समिति के डॉक्टर राकेश गुप्ता ने भी फाइल की थी। इस याचिका पर उन्होंने हस्तक्षेप याचिका अपने एडवोकेट हिमांशु रस्तोगी के मार्फत से लगायी है और यह भी मांग की है कि दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी शिकायत के लिए एक आनलाइन पोर्टल बनाया जाए, क्योंकि और भी राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाएं हैं, जिसे पिटीशन के मार्फत न्यायालय के सम्मुख रखा है। राकेश चौबे ने कहा है, छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें राज्य सरकार के पास भी पहुंच रही हैं, मगर कोई ठोस व गंभीर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं। आखिरकार न्यायालय जाना पड़ा और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से ही ठोस कार्रवाई होगी।

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में आठ डीआईजी, 10 एसपी रैंक के अफसर होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। राष्ट्रपति 25 तथा 26 अक्टूहर को रायपुर, भिलाई में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राष्ट्रपति भवन ने पहले से ही मिनट टू मिनट कार्यक्रम राज्य सरकार को भेज दिया है। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास को देखते हुए डीजीपी अशोक जुनेजा ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। राष्ट्रपति की सुरक्षा की कमान रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को सौंपी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तथा राष्ट्रपति जहां-जहां जाएंगी, वहां अलग-अलग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए दूसरे जिलों के अफसर तथा बल बुलाए घए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में आइजी अमरेश मिश्रा के नेतृत्व में आठ डीआइजी और करीब 10 एसपी रैंक के अफसर तैनात रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी रैंक के करीब दो दर्जन से ज्यादा अफसरों की ड्यूटी राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगाई गई है।



#### इन अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है

राष्ट्रपति की सुरक्षा में पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, डा. संतोष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार अग्रवाल, एसएसपी बालाजी राव सोमावार, अभिषेक मीणा, सुजीत कुमार, डा. अभिषेक पल्लव, प्रशांत ठाकुर, मिलना कुर्रे, अमित तुकाराम कांबले, धर्मेंद्र सिंह तथा सचिंद्र चौबे की ड्यूटी लगाई गई है।

#### रिंग रोड पर आवाजाही होगी प्रभावित

ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास के बाद राष्ट्रपति की आवाजाही रिंग रोड एक से होगी। इस लिहाज से राष्ट्रपति के आवाजाही करने के समय रिंग रोड में भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। राष्ट्रपति किसी कार्यक्रम में शामिल होंगी, उस समय धीरे-धीरे कर भारी वाहनों को छोड़ा जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व पुनः भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। ट्रैफक अफसर के अनुसार जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

### फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपने आगामी चरण के आंदोलन को फरवरी तक स्थगित कर दिया है। राजधानी में फेडरेशन प्रमुख कमल वर्मा की अगवाई में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बड़ी बैठक आयोजित हुई। इसमें कर्मचारियों के मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। बैठक में रायपुर दक्षिण उपचुनाव और प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए फेडरेशन की हड़ताल फरवरी तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में व्याख्याता नित्यानंद यादव पर हुई कार्रवाई को अनुचित बताया गया। कोरबा के व्याख्याता नित्यानंद ने सोशल मीडिया में डीए को लेकर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए डीईओ की अनुशंसा पर डीपीआई ने व्याख्याता को सस्पेंड कर दिया था। फेडरेशन की बैठक में नित्यानंद यादव के निलंबन मुद्दे पर बहाली का मांगपत्र सौंपने का फैसला लिया गया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा और डीपीआई को भी फेडरेशन की नाराजगी से अवगत कराया गया है। प्रांतीय प्रवक्ता जीआर चंद्रा ने `डरेशन के साथ निहारिका बारीक कमेटी के हुई चर्चा को बैठक में विस्तार से अवगत कराया। शासन द्वारा कर्मचारी संगठनों की मान्यता को सरलीकरण करने की मांग की गई।

# राज्य पुलिस सेवा के 11 अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा मुख्यालय अटैच

■ नीरज चंद्राकर को एसपी इन्वेस्टिगेसन का प्रभार

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने 11 एडिसनल एसपी रैंक के पुलिस अफसरों का सोमवार को स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का ताबादला किया गया है, उनमें रायपुर ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। इसके अलावा एएसपी बिलासपुर के पद पर पदस्थ नीरज चंद्राकर का स्थानांतरण स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ( एसआईए) पुलिस मुख्यालय किया गया है। जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें पुलिस मुख्यालय में विशेष आसूचना शाखा एएसपी के पद पर पदस्थ विमल कुमार बैस का स्थानांतरण जांजगीर 11 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जांजगीर किया गया है। इसी तरह से मुख्य मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात एएसपी हरीश राठौर माना स्थित सेनानी वीआईपी सुरक्षा, प्रशांत कतलम का राजनांदगांव उप सेनानी आठवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल से सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर किया गया है। खैरागढ़ में एएसपी के पद पर पदस्थ नेहा पाण्डेय का स्थानांतरण आठवीं वाहिनी राजनांदगांव किया गया है। नीरज चंद्राकर एएसपी बिलासपुर से एसपी एसआईए पुलिस मुख्यालय, एएसपी कांकेर मनीषा रावटे का स्थानांतरण सेनानी 20 वीं वाहिनी महासमुंद, ओम प्रकाश शर्मा एएसपी ट्रैफिक रायपुर से एसपी विशेष आसूचना शाखा पीएचक्यू, गायत्री सिंह उप सेनानी तीसरी वाहिनी दुर्ग अमलेश्वर से सेनानी सातवीं वाहिनी भिलाई, कमलेश्वर प्रसाद चंदेल एएसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सेनानी 17 वीं वाहिनी कबीरधाम, निवेदिता पाल उप सेनानी चौथी वाहिनी माना से सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ तथा सुजीत कुमार का स्थानांतरण सेनानी 10 वीं वाहिनी सूरजपुर से पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण किया गया है।

# घर के सामने बैठकर गपशाप करने से मना करने पर चला चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आजाद चौक थाना क्षेत्र में घर के सामने बैठकर गमशप करने से मना करने के विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट तथा चाकूबाजी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक एचएमटी चौक हांडीपारा निवासी तुषार पंडित की शिकायत पर पुलिस ने फरहान रजा, सल्लू उर्फ सलमान, अदनान रजा तथा मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। तुषार ने पुलिस को बताया है कि चारों लड़के उसके घर के सामने बैठकर गपशप करते हैं। घटना दिनांक को तुषार ने लड़कों को घर के सामने बैठकर गपशप करने से मना किया, तो इससे नाराज होकर लड़कों ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर तुषार के साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान सल्लू तथा फरहान ने अपने पास रखे चाकू से तुषार की जांघ पर वार कर दिया।

#### बचाने आए पिता के मुंह पर मुक्का मारा :

तुषार ने पुलिस को बताया है कि बाहर शोरगुल सुन उसके पिता सुनील पंडित उसे बचाने के लिए आए, तो मौके पर उपस्थित मोहम्मद हुसैन ने तुषार के पिता के मुंह पर मुक्का मार दिया। मुंह पर मुक्का मारने की वजह से तुषार के पिता का दांत टूट गया और मुंह से खून निकलने लगा। फरहान की शिकायत पर पुलिस ने तुषार के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। मारपीट की घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस बात को देखते हुए मौके पर सीएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी देर रात तक घटना स्थल पर तैनात रहे।

### 27 नवंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर निर्धारित की गई है।



# दीपावली से अधिक छठ पूजा में वेटिंग सारनाथ में 260, स्पेशल में भी 144

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली से पहले ट्रेनों में घर जाने की भीड़ अब बढ़ने लगी है। वर्तमान में आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग रेलवे ने परिवर्तित कर दिया है, जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। मुंबई से हावड़ा रूट पर यात्रियों की भीड़ अधिक है। रायपुर से उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र समेत दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में अब सफर करना मुश्किल होने लगा है। बड़ी संख्या में अब वेटिंग यात्री एक बार फिर से सफर करने लगे हैं, जबकि रेलवे ने ऐसे यात्रियों को सफर करने पर प्रतिबंध लगाया था। हरिभूमि ने जब ट्रेनों में बुकिंग को लेकर पड़ताल की, तो पता चला, बिहार और उत्तरप्रदेश रूट की ट्रेनों में दीपावली से अधिक छठ पूजा के दौरान भीड़ है। ट्रेनों में वेटिंग 200 से अधिक हो चुकी है। सारनाथ, साउथ बिहार समेत दुर्ग-कानपुर ट्रेनों में 1 से 7 नवंबर के बीच भारी वेटिंग है। इसके बाद भी रेलवे ने बुकिंग बंद नहीं की है। पर्व से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को रायपुर से दिल्ली जाने वाली समता के स्लीपर में 60 वेटिंग है। उधमपुर एक्सप्रेस में 50 और छत्तीसगढ़ 40 है। भोपाल जाने समता एक्सप्रेस में भी ट्रेन की कुल वोटिंग अभी 60 के पार है। एक्सप्रेस ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिलने से अब बड़ी संख्या में लोग प्रीमियम ट्रेनों का टिकट खरीदने लगे हैं।

#### ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति

यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। इसीलिए सूची लंबी होती है। हालात ये हैं कि बिना अतिरिक्त कोच लगाए किसी यात्री का रिजर्वेशन टिकट कंफर्म होने वाला नहीं है। रेलवे के मुख्य रिजर्वेशन ऑफिस के अनुसार नवंबर के पूरे महीने तक पूरी तरह से ट्रेनें पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहीं, जिसमें वेटिंग सूची 100 के करीब न चल रही हो। ऐसे में ट्रेनों में अब नो रूम जैसी स्थिति बन चुकी है। जल्द ही रेलवे यात्रियों की संख्या बढ़ने से उन ट्रेनों की बुकिंग बंद कर सकता है।

#### छठ में घर जाने नहीं मिल रहा टिकट

शहर के सॉफ्टवेयर तेजपाल सिंह घर पर छठ मनाने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन ट्रेनें उनकी व उनके स्वजन की खुशियों में राह का रोड़ा बन गई हैं। किसी भी ट्रेन का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। अब उनकी समझ में नहीं आ रहा क्या करें। बातचीत में कहते हैं कि अब तो प्राइवेट बसों पर ही भरोसा है, लेकिन प्राइवेट बस संचालकों ने भी त्योहारों में किराया बढ़ा दिए हैं। एक यात्री की दो से ढाई हजार रुपये में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। 1 से 5 नवंबर के बीच सारनाथ व साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन में वेटिंग 150 से 250 तक है। ऐसे यात्री को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना शून्य है। स्पेशल ट्रेन में भी वेटिंग 100 पार कर चुकी है। ट्रेन से छपरा या फिर पटना जाना भी मुश्किल है।

# उपासने भाइयों में विवाद एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बीजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने और उनके बड़े भाई जगदीश उपासने का विवाद खुलकर सामने आ गया है। जगदीश उपासने का आरोप है कि सच्चिनानंद ने मां के ऑफिस और घर से ताला तोड़कर सारा सामान निकाल लिया है।

सच्चिदानंद उपासने पूर्व विधायक रजनी उपासने के बेटे हैं। वहीं, सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि उनके भाई भूपेश बघेल के मित्र हैं। कांग्रेसियों के साथ मिलकर बीजेपी को बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने मुझे 2 थप्पड़ मारे हैं, लेकिन वह थाने नहीं जाएंगे, क्यों परिवार का मामला है। थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने ने कहा, मेरा वहां पर 1980 से कार्यालय था। अब नया मकान बनवा लिया हूं। अतः वहां से सामान निकालने के लिए गया था। कार्यालय का ताला काफी पुराना था, उसमें जंग लग गया था, अतः मैंने गोलबाजार से ताला खोलने वाले को बुलाया। जंग लगे होने के कारण वह भी नहीं खोल पाया, तो ताला तोड़ने कहा। वहां से मैंने फर्नीचर और कुछ सामना निकाला था। वहां पर लोकतंत्र सेनानी संगठन का चेक बुक और कई दस्तावेज रखे थे उसे भी निकाल रहा था, उसी समय यह वाक्या हुआ।

## खबर संक्षेप

### केदार के ओएसडी बने वैद्य

**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी जितेंद्र कुमार गुप्ता की सेवाएं सहकारिता विभाग को वापस करते हुए प्रदीप कुमार वैद्य को श्री कश्यप का नया ओएसडी बनाया गया है। श्री वैद्य संयुक्त कलेक्टर कांकेर के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### अवतरण दिवस पर 101 यूनिट ब्लड डोनेट

**दुर्ग।** जिला हॉस्पिटल में पूज्य सतगुरु साई गोबिंदराम साहिब के 80 साला अवतरण दिवस के अवसर पर संत डॉ युधिष्ठिर लाल साहिब के सानिध्य मे शदाणी सेवा मण्डल एवं शदाणी युवा मण्डल सिंधी समाज, नवदृष्टि फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा 101 यूनिट ब्लड जरुरत मंद मरीजो के लिए डोनेट किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज दानी सीएमओ, डॉ हेमंत साहू सिविल सर्जन, डॉ प्रवीण अग्रवाल नोडल अधिकारी ब्लड बैंक, डॉ पियूष श्रीवास्तव, आसनदास मोहनानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, सेवकराम खत्री अध्यक्ष पूज्य शदाणी सेवा मण्डल, राजू पाहुजा राज अडतीया, जितेंद्र हासवानी, प्रेम शोभानी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय उन्नयन प्रशिक्षण संपन्न

**दुर्ग।** मछली पालन विभाग द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 3 दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड दुर्ग एवं धमधा प्रभारियों द्वारा 200 पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया गया। जिसमें जिपं. अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, उपाध्यक्ष अशोक साहू, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती योगिता एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू उपस्थित थी।

### जरुरतमंदों को बांटी गई आवश्यक सामग्री

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की पावन प्रेरणा से दीपावली के निमित्त संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में जरूरतमंद 500 परिवारों को जीवन उपयोगी आवश्यक सामग्री जैसे ग्राम कपड़े, साड़ी, पेंट शर्ट, बर्तन, दिया, तेल, मिठाई, जूते चप्पल, बाल्टी, नूतन वर्ष 2025 की कलेंडर बांटी गई। कार्यक्रम में उड़ीसा के महाराज ओमकारा नन्द के सानिध्य में हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान ने हमें एक दिन और रात मिलाकर 24 घंटे दिए है हम सुबह से शाम रात तक परिवार और दोस्तों के बीच में रहते है इस 24 घंटे में कम से कम 1 घंटे भगवान नाम कीर्तन या जप में करें। करोना काल की घटना से सभी को एक सीख मिली है कि मृत्यु कभी भी आ सकती है जिन्हें स्वस्थ रहना है सुबह जल्दी उठे और शुद्ध हवा का सेवन करे आसान, प्राणायाम, व्यायाम जरूर करें।

### उप चुनाव के लिए तीन ने नामांकन दाखिल किया

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सोमवार को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# पेंशन का पेंच, नगरीय निकाय नहीं दे रहे अंशदान का ब्योरा, कर्मी हो सकते हैं लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को अपने कर्मियों के पेंशन संबंधी अंशदान और निकाय अंशदान का ब्योरा नहीं दे रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संचालनालय ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त (रायपुर को छोड़कर) एक आदेश जारी किया है कि अगले 15 दिनों में ये ब्योरा दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कर्मियों को अंशदान पर मिलने वाले आनुषांगिक लाभ नहीं मिलेंगे।

**जारी हुआ ये आदेश :** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निगम आयुक्तों, सभी पालिका और नगर पंचायतों के सीएमओ. समस्त क्षेत्रीय कार्यालय यांत्रिकी प्रकोष्ठ सूडा को इस संबंध में आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों को 1 नवंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के संबंध में मांगी गई जानकारी 15 दिनों में देने कहा है। साथ ही ये भी साफ किया गया है कि अगर 15 दिनों में जानकारी निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी जाती है तो ये माना जाएगा कि वर्तमान में दर्ज कर्मचारियों की राशि पूरी तरह से सही है और भविष्य में किसी प्रकार की मांग होने पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जाएगा।

## अब 15 दिनों में देना होगा पूरा ब्योरा, संचालनालय ने जारी किया आदेश



### ये है मामला

1 नवंबर 2004 के बाद नगरीय निकायों में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत नवीन अंशदायी पेंशन की राशि हर माह की 7 तारीख तक कटौती कर संचालनालय के नवीन पेंशन खाते में जमा कर कटौती विवरण एवं बैंक रसीद संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। इस बात को लेकर पहले भी निकायों को निर्देश दिए जा चुके हैं। लेकिन अभी भी कई निकायों द्वारा समय पर राशि संचालनालय को नहीं भेजी जा रही है। अगर जानकारी भेजी भी जा रही है तो उसकी जानकारी निर्धारित प्रारुप में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही वर्तमान में संचालनालय के एनपीएस शाखा में आज दिनांक तक निकायों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भेजी गई जानकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए एनएसडीएल मुंबई को भेजी जा चुकी है एवं निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त राशि एनएसडीएल को भेजे जाने के लिए शेष नहीं है।

## चुनाव : 26 को भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# आज भाजपा की नामांकन रैली, मुख्यमंत्री साय सहित कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 23 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। रैली एकात्म परिसर से शुरू होकर कलेक्टोरेट तक निकाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में सोमवार को दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा, एवं श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह मौजूद थे।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं का कर्जदार हूं, जिन्होंने मुझे आठ बार विधानसभा चुनाव में जिताकर मुझे विधायक बनाया। रायपुर दक्षिण मेरा घर है। अब जनता की सेवा करने के लिए एक और विधायक सुनील सोनी के रूप में चुनना है। उन्होंने कहा, यह चुनाव भविष्य में होने वाले नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को कार्यालय उद्घाटन और दक्षिण विधानसभा सम्मेलन होगा।

### एकात्म परिसर में बनाई गई चुनाव की रणनीति



### तीन विधायकों को मंडल का प्रभार

भाजपा ने चुनाव की रणनीति और कार्य योजना तैयार की है। रायपुर दक्षिण के विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी भाजपा विधायकों को सौंपी गई है और कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित भूमिकाएं दी जा रही हैं। चुनावी तैयारियों के तहत, विधायक पुरंदर मिश्रा को सिविल लाइंस मंडल, मोतीलाल साहू को पुरानी बस्ती मंडल और राजेश मूणत को लाखे नगर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं केदार गुप्ता और अवधेश जैन को सदरबाजार मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

### रिकार्ड बनाकर जीतना है : शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कहा, पूरे प्रदेश में जीत का वातावरण राजधानी से तय होता है। हमें इस बार जीतना ही नहीं, बल्कि रिकार्ड बना कर जीतना हासिल करना है। चुनाव प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह केवल रायपुर दक्षिण का चुनाव नहीं है, बल्कि रायपुर के सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का संकल्प का चुनाव है।

### जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे सफल बनाना है : मूणत

विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा, पार्टी ने जो बड़ी जिमेदारी हम सब को सौंपी है, उसे सफल बनाना है। हमें इस चुनाव में पूरी मेहनत करनी है और विजय हासिल करने तक हमें रुकना नहीं है।

### शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं : सोनी

रायपुर दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी ने प्रत्याशी बनाए जाने पर सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, रायपुर की जनता ने मुझे सभापति, महापौर, सांसद के रूप में देखा है। इस शहर के विकास के लिए सदैव प्रस्तुत रहा हूं। उन्होंने कहा, सांसद बनने के बाद मैंने रायपुर को विकसित शहरों की श्रेणी में लाया।

# अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर बृजमोहन होंगे स्टार प्रचारक

मुख्यमंत्री, सभी मंत्री और पूर्व राज्यपाल बैस सहित 40 की सूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम की घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा ने निर्वाचन आयोग को भाजपा के स्टार प्रचारकों के 40 नामों की सूची दी है। सूची में अपनी ही छोड़ी हुई सीट पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वहीं सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। सभी स्टार प्रचारक दक्षिण विधानसभा में सभाओं के माध्यम से भाजपा को वोट करने की अपील करेंगे।

### प्रदेश प्रभारी सहित कई विधायकों के नाम

जारी सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, गौरीशंकर अग्रवाल, राजेश मूणत, चंदू लाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडेय, शिवरतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खुबचंद पारख, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, ललीत चंद्राकर, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत और नंदे साहू शामिल हैं।

# प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि अब तक की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की जानकारी प्रस्तुत की गई।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित भाजपा केंद्रीय समिति की बैठक में बताया गया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 50 लाख पार हो गया है। प्रदेश में 3 सितम्बर से भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई थी। 19 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे तक भाजपा ने अपनी रिकॉर्ड सदस्य संख्या 50,09,658 के आंकड़े को पार कर लिया है। अब प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चल रहा है। श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा की सदस्यता लेने के लिए प्रदेश में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सदस्यता की विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया सुनिश्चित की गई थी, इसलिए इस अभियान में समय काफी लगा है। इधर इस पूरी अवधि में काफी तीज-त्योहार भी पड़े। बावजूद इसके, प्रदेश में भाजपा सदस्यों की संख्या 50 लाख पार हो जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 34,09,158 लोगों को फार्म भरकर सदस्यता दिलाई गई। 6.40 लाख सदस्य मिस्ड कॉल के जरिए बने। इस प्रकार 40,49,158 सदस्य ऑनलाइन बनाए गए। 9,60,500 सदस्य ऑफलाइन बनाए गए, जिनकी डाटा एंट्री जारी है।

# शिक्षक एलबी संवर्ग कल जिला मुख्यालय में देगा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के निराकरण व लंबित मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इसमें विकासखंड डौंडीलोहारा के सभी एलबी संवर्ग के शिक्षक एक दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर शामिल होंगे। विकासखंड के



पदाधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की सूचना विकासखंड शिक्षाधिकारी डौंडीलोहारा को दी है। इस दौरान डौंडीलोहारा ब्लॉक संचालक के रूप में अविनाश कुमार साहू, विजय कुमार पटेल सहित एलबी शिक्षक संवर्ग के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### परामर्श कक्ष के साथ ...

नवीन भवन इस राज्य की न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ व मजबूत बनाने की दृढ़ इच्छा शक्ति का एक और कदम है। उन्होंने भवन की लागत के साथ ही विशिष्टताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह सर्वसुविधा युक्त भवन है, जिसमें परामर्श कक्ष, किलकारी भवन व पक्षकारों के लिए उचित बैठक व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। जिससे यहां आने वाले पक्षकारों को सारी सुविधाएं एवं त्वरित न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से यह भी कहा कि इस भवन का निर्माण इतनी गुणवत्ता से करें, कि यह भवन आगामी 50 वर्षों तक भवन अच्छी स्थिति में रहते हुए लोगों के न्यायदान का साक्षी बना रहे।

### पुल बनाने के बाद फीलिंग करना ...

लगभग सालभर पहले से इस इलाके की सड़क पर यह स्थिति यथावत बरकरार है। वहीं, इस दौरान आसपास किसी भी तरह का विभाग एवं निर्माण सम्बन्धित बोर्ड भी नहीं है, जिसके आमजन भ्रमित होने से कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जा सका है। अधूरे पुल से सम्बंधित सड़क क्षेत्र पर स्थित गाँवो के आम नागरिकों की मांग है कि इस मनमानी एवं लापरवाही के लिए विभाग को नोटिस देकर पहले तो पूरा करवाया जाए, उसके बाद ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड कर देनी चाहिए।

# नहीं मिले पर्याप्त आवेदन, जीरो परसेंटाइल में बीएससी प्रवेश को हरी झंडी का इंतजार

**सहमति के लिए नर्सिंग काउंसिल को चिकित्सा शिक्षा विभाग भेजेगा चिट्ठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवेदन का एक और मौका देने के बाद भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पर्याप्त छात्र नहीं मिले। बीएससी नर्सिंग के प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के नियम को अनुमति देने के लिए आईएनसी से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग काउंसिल को पत्र भेजने की तैयारी में है। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन का हाल काफी बुरा है। शासकीय कालेजों में तो प्रवेश किसी तरह पूरा हो जाता है, मगर निजी कालेजों की स्थिति काफी बुरी हो जाती है। इस बार भी एमएससी समेत अन्य नर्सिंग विषयों



में एडमिशन के लिए निजी कालेजों में छात्रों का टोटा पड़ा है। खासकर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के लिए 4775 सीटें खाली हैं जो बड़ा आंकड़ा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने इन सीटों पर एडमिशन के प्रवेश परीक्षा में पात्र हुए अभ्यार्थियों से पुनः आवेदन मंगाया था, मगर अनुमान के विपरीत बेहद कम संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई। सोमवार को प्राप्त आवेदनों के आधार पर 560 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी कर उन्हें 25 अक्टूबर तक प्रवेश का वक्त दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि इसके बाद खाली सीटों का हवाला देते हुए न्यूनतम अंक के नियम को समाप्त कर जीरो परसेंटाइल के आधार पर प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को पात्र किए जाने की मांग की जाएगी। नर्सिंग विषयों में भी एडमिशन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तय की गई है, इसलिए जीरो परसेंटाइल पर प्रवेश अगले तीन चार दिनों में प्रारंभ किए जाने की संभावना है।

### एमएससी का भी हाल बुरा

बीएससी की तरह एमएससी नर्सिंग एडमिशन का भी हाल बुरा है। एमएससी के नए ऑनलाइन आवेदन की संख्या 153 है, जबकि खाली सीट 416 है। इसी तरह पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 232 सीटों के लिए 115 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इन पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर ही तय की गई है।

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

# खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक जायसवाल हटाए गए

■ राशन बचत घोटाले में विभाग के अधिकारी कर रहे थे अफसर को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल को हटा दिया है। उन्हें खाद्य विभाग मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर नीलिमा एल्मा को मंत्रालय से संचालनालय में बतौर अतिरिक्त संचालक पदस्थ किया है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग में 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले में संचालनालय के अतिरिक्त संचालक का नाम प्रमुखता से आ रहा था। बताया गया है कि राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र गायब करा दिए गए। राशन दुकानदारों का कमीशन काट लिया गया। बाजार से नियम विरुद्ध चावल खरीद कर रखवाया गया। विभाग के मैदानी अमले पर कार्यवाही का दबाव डालने की कोशिश की गई। इन कारणों से खाद्य विभाग सहित प्रदेश के 13 हजार राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गए। करोड़ों के राशन बचत घोटाले को लेकर पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। विभाग के अधिकारियों ने समिति से मांग की थी कि अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल के खाद्य संचालनालय में पदस्थ रहते हुए निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

### नए फरमान के विरोध के बाद कार्रवाई

हाल ही में खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार कर दिया था।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एफएसएनएल में चित्रकला स्पर्धा, विजेता पुरस्कृत

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर–4 में हुआ। महाप्रबंधक पंकज त्यागी व अध्यक्षता मुख्य अतिथि सहायक शिक्षिका केया चौधरी, और अध्यक्षता महाप्रबंधक पंकज त्यागी तथा सहायक शिक्षिका चंद्रिकाराण विशेष अतिथि थीं। श्री त्यागी ने कहा कि साफ–सफाई से हमें जीवन में आनेवाली परेशानियों से मुक्ति मिलती उन्होंने चित्रकलाप्रतियोगिता में प्रथम विजेता कल्पना, द्वितीय–मयंक, तृतीय आस्था को पुरस्कृत किया।

### प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**धमधा।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 19, 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना परगोरपा निवासी सुधीर पटेल, जय प्रकाश उर्फ खिलेश एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। ग्राम अकोली निवासी रोशन वर्मा अपने साथियों के साथ शराब दुकान के पास शराब पी रहे थे। इस दौरान सुधीर और जय प्रकाश अपचारी बालक मिलकर चाकू से ओमकार के सिर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। छुड़ाने पहुचे पीड़ित पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है।

### ओयो होटल में दबिश संदिग्ध हालत में युवक युवतियां पकड़े गए

**धमधा।** ओयो होचल में पुलिस ने दबिश देकर 6 जोडो युवक युवतियों को पकड़ा है। जिन्हे समझाइश देकर छोड़ दिया गया है। घटना धमधा पुलिस थाना क्षेत्र का है। ओयो होटल मैनेजर सरायपाली निवासी गजेंद्र सतपथी को पकड़कर उसके खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई किया है। धमधा नगर में लंबे समय से ओयो हटलों में अवैध कार्य चल रहा है। नगर पंचायत धमधा के नाक के नीचे इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस दबिश में कोड़िया, छीराही, गंडई, किरकी,हथमुडी भिलाई के युवक युवतियां मिले है। इसे लेकर प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि पकड़े गए युवत युवतियों को समझाईश देकर छोड़ा गया है।

### धानापुरी स्कूल के बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बालोद।** वन्य प्राणियों के संरक्षण से पर्यावरण का संतुलन रहेगा, आओ हम सब मिलकर अपने घरों में, खेतों में, खाली जगह पर पौधा रोपित कर उनकी देखभाल करें। उक्त बातें ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने अपने साथी वैभव जगने के साथ मिलकर ग्राम धानापुरी में शासकीय मिडिल स्कूल के बच्चों से कही। उन्होंने बच्चों को हाथी से बचाव के लिए पोस्टर पम्पलेट वितरण किया। इस दौरान बच्चों ने वन्य प्राणियों भालू, बन्दर, हिरन, तेंदुआ की वेशभूषा धारण कर आस-पास के ग्रामीणों को प्रकृति एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का सन्देश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।

## निधन

### सरला चौबे



**बेमेतरा।** शहर स्थित सदर रोड निवासी नीरज चौबे की माता जी सरला चौबे का मंगलवार को निधन हो गया। वे स्वर्गीय रामनिरंजन चौबे ग्राम मनियारी, बोतका वाले की धर्मपत्नी थीं। वे जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणीश चौबे की बड़ी मां थीं। उनका अंतिम संस्कार आज 23 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे शहर के पिकरी मुक्तिधाम बेमेतरा में किया जाएगा।

### विजयादशमी पर जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान से शुरू हुआ कार्यक्रम

# आरएसएस के पथ संचलन में कदम ताल और अनुशासन का दिखा अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव के साथ ही नगर में पथ संचलन किया। संघ के स्वयंसेवकों ने जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान से पथ संचलन शुरू किया।

पथ संचलन शहर के प्रताप चौक, श्रीराम मंदिर ,बाजार पारा, नवीन बाजार से गौरवपथ होते गस्ती चौक, पुराना बस स्टैंड ,घड़ी चौक ,परसुराम चौक से वापस गाँधी भवन बेसिक स्कूल मैदान विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन का समापन किया गया। पथ संचलन कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जगदीश प्रसाद घृतलहरे एवं मुख्यवक्ता संजय पांडेय दुर्ग विभाग कार्यवाह, जिला कार्यवाह गंगाधर यादव, नीलेश साहू शामिल रहे। इस दौरान जगदीश प्रसाद धृतलहरे कहा कि संघ का मुख्य ध्येय हिन्दुत्व सनातन धर्म संस्कृति व राष्ट्रसेवा करना है। इस उन्होंने मौजूद स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया। पथ संचलन में विधायक दीपेश साहू सहित लीलाराम साहू, नालेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, छत्रपाल साहू, राहुल शर्मा, अभिषेक शर्मा, संजय वर्मा, रविशंकर दुबे, आयुष साहू, संजय शर्मा, ध्वनि शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, विकास तंबोली, मोंटी साहू व स्वयंसेवक शामिल हुए।



### विरोधियों के जात-पांत में बाँटने की कोशिश कामयाब ना होने दें

मुख्यवक्ता संजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में संघ की 100 वें वर्ष तक का सफरनामा व देश की आजाद्दी से लेकर आज तक देश के विकास समृद्धि सेवा में दिये गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा राष्ट्र की मजबूती और राष्ट्र की उन्नति पर स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देना को राष्ट्र सेवा मानती है। वहीं, उन्होंने सनातन हिन्दू धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि केवल अपने आप को हिंदुस्तानी और अपने आप को हिन्दू ही मानो, विरोधियों के जात पात में बाँटने की कोशिश को कामयाब ना होने दें, और हिन्दू धर्म की एकता को बनाये रखने पर जोर दिया।

# सिंघौरी स्कूल में की गई बच्चों की आंखों की जांच



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर डॉक्टर योगेंद्र भार्गव नेत्र सहायक अधिकारी ने बच्चों को बारी-बारी से चार्ट में लिखे शब्दों एवं अंकों को पढ़ा कर नेत्र जांच की। इस दौरान आँख से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया कि रतौंधी, मोतियाबिंद, दूर एवं निकट दृष्टि दोष के बारे में जानकारी दी गई।

आँख में होने वाले बीमारी के बारे में डॉक्टर भार्गव ने बताया कि सोने से पहले आंखों को धोना आवश्यक है, क्योंकि इससे पूरे दिन में धूल एवं गंदगी हट जाती है। कभी भी दूसरे व्यक्ति का तौलिया, रुमाल या उपयोग किए हुए कपड़े का उपयोग अपनी आंखों को पोछने के लिये प्रयोग न करें क्योंकि इससे संक्रमण हो सकता है। काजल या सूरमा या अन्य सामग्री आँखों में उपयोग करने से बचें। इस समस्याओं से निदान पाने के लिए उन्होंने बताते हुए कहा किऐसे कई खाद्य स्त्रोत हैं जो रोगियों को उनकी दृष्टि को बनाए रखने के लिए आवश्यक विटामिन ए प्रदान कर सकते हैं। मांस, मछली, डेयरी और अंडे जैसे पशु उत्पाद विटामिन ए के अच्छे स्त्रोत हैं। मरीज़ फलों और सब्ज़ियों से भी विटामिन ए प्राप्त कर सकते हैं। शकरकंद, स्क्वैश, केल और खरबूजे जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन ए के समृद्ध स्त्रोत हैं। परीक्षण के दौरान स्कूल में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर एंव प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरुकुल खेल मैदान गौरेला पेंड्रा में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 5 संभाग के 505 बच्चों ने भाग लिया। दुर्ग संभाग से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा से दो बच्चियों समीक्षा एवं सोनिया मांडवी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए समीक्षा ने ताइक्वांडो में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। साथ ही सोनिया मंडावी ने ताइक्वांडो में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राउन्स मेडल हासिल कर कस्तूरबा गांधी विद्यालय बेमेतरा को गौरवान्वित किया है। खेल प्रभारी राजकिरण मिश्रा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेल से बच्चों में स्पर्धा, समर्पण, मेहनत तथा टीम भावना का विकास होता है। विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, सावित्री, दीप्ति सभी ने दोनों बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

- ताइक्वांडो में समीक्षा ने सिल्वर और सोनिया ने जीता ब्रांज मेडल

### समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

# जिले के सभी शासकीय भवनों में गुणवत्तापूर्ण हार्वेस्टिंग सिस्टम ज़रूर बनाएं : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चावल जमा, स्कूली बच्चों जाति प्रमाण पत्र आदि प्रगति के साथ ही आगामी माह ख़रीफ़ वर्ष 2024-25 में धान ख़रीदी की तैयारियों की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि धान ख़रीदी आगामी 14 नवम्बर से शुरू होगी जो 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। धान ख़रीदी सोमवार से शुक्रवार तक की जाएगी। धान ख़रीदी बायोमेट्रिक होगी। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज,संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग,ज़िले के सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। टेकचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि अभी हाल ही में जल शक्ति अभियान की ज़मीनी हक़ीक़त देखने दिल्ली से अधिकारी आये थे।उन्होंने सभी कार्यालयों ग्राम पंचायत कार्यालय,नगरपालिका,और निर्माण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे सभी शासकीय निर्माण में गुवत्तापूर्ण हार्वेस्टिंग सिस्टम ज़रूर बनाये।



पंचायत के सामुदायिक केंद्रों में भी बनाये।तक जल संवर्धन एवं वॉटर लेवल बढ़े, सभी अधिकारी इस बात का ख़ास ध्यान रखें।

बैठक में अधिकारियों को ज़िला सूचना अधिकारी द्वारा पीवी एप्प मोबाइल के द्वारा धान फसल गिरदावरी के भौतिक सत्यापनकी विधि बतायी गई। इस एप्प के ज़रिए फसल की गिरदावरी (भूमि पर खड़ी फसल का विवरण) का भौतिक सत्यापन किया जाता है। इससे सरकारी योजनाओं या लाभों के लिए सही आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। भौतिक सत्यापन का मतलब है कि अधिकारी या संबंधित विभाग फसल की वास्तविक स्थिति की जांच करेंगे। खाद्य अधिकारी ने बताया कि एप्प के ज़रिए सत्यापन प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाने के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जो डिजिटल माध्यम से यह कार्य करेगा। अधिकारी इस ऐप का उपयोग करके फसल की जानकारी रिकॉर्ड करेंगे, फोटो लेंगे, और जीपीएस लोकेशन के साथ फसल के सत्यापन को ट्रैक करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि गलत जानकारी ना दी जा सके और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

# ग्राम पंचायत सचिवों को कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम पंचायतों में कार्य के लिए आने वाले लोगों को अक्सर ग्राम पंचायत सचिव से मिलने में कठिनाई होती है, क्योंकि सचिव अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए बेमेतरा जिले में एक नया निर्देश लागू किया गया है।

अब सभी ग्राम पंचायत सचिवों का प्रत्येक सोमवार को अपने मूल प्रभार वाले ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन अवधि के दौरान उपस्थित रहना अनिवार्य कर दिया गया है। जो सचिव अतिरिक्त प्रभार वाले ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभालते हैं, उन्हें हर मंगलवार को कार्यालय में उपस्थित रहना होगा। यदि किसी अपरिहार्य कारण से सचिव को मुख्यालय छोड़ना पड़े, तो इसके लिए उन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा को सूचित करना होगा और इसकी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर एक दिन पहले ही प्रदर्शित करनी होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यदि निरीक्षण के दौरान सोमवार या मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिव अनुपस्थित पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस नियम से लोगों को समय पर सेवाएं मिलने की उम्मीद है, जिससे पंचायत कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

- जिपं सीईओ ने कहा, अनुपस्थित पाए जाने पर की जाएगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

# कन्या महाविद्यालय के रेडक्रास के छात्रों ने मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में रेडक्रॉस विभाग ने सेवा कार्य का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर मेघा तिवारी अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी, अशोक सोनी अतिथि व्याख्याता हिंदी की सहभागिता रही, जिन्होंने रेडक्रॉस और रेड रिबन के छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

डॉक्टर मेघा एवं अशोक सोनी के नेतृत्व में छात्रों ने जिला मुख्यालय में उपस्थित मरीजों को आवश्यक वस्तुएं, जैसे फल, वितरित कीं। इस सेवा कार्य का उद्देश्य समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और विद्यार्थियों में सेवा भाव का विकास करना था। कार्यक्रम के अंत में मरीजों ने इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया, और छात्रों ने इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझने का अनुभव प्राप्त किया।

# निकुम में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का हुआ उद्घाटन शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/बालोद-निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने ग्राम निकुम में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का उद्घाटन किया।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसके तहत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम निकुम के स्कूल, कॉलेज में पढ़ाने वाले वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल-श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित चंद्राकर ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साक्षरता के इस नव प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान का दीप जलाने का यह सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में सरपंच मुक्ति सुधाकर, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पुराण देशमुख, लीलेश्वर देशमुख, भैया लाल साहू, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय डी.के. शैलेंद्र, संकुल प्राचार्य एके पाण्डे, संकुल समन्वयक संजय चंद्राकर, प्रधान पाठक युवराज बेलचंदन व पूर्णिमा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढ़ने-लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारणें से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए।

### जिला पंचायत सीईओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जनदर्शन में ट्राइसिकल से लेकर पीएम आवास तक के 65 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में जनदर्शन के दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। इसके साथ ही उनहोंने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।

जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 65 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं, गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए।



इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे लोगों में से तहसील दाढ़ी के ग्राम छिरहा निवासी कुमारी जलयात्रा केंवट ने दलित कोदूराम कॉलेज नवागढ़ में पढ़ाई करने हेतु अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया के वार्ड नं. 01 निवासी सहोद्रा मांडले ने महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम करचुवा निवासी दुलेश्वर साहू ने उद्यानिकी फसल का बीमा/क्षति राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील दाढ़ी के ग्राम छिरहा निवासी नीलू मल्लाह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेरला के ग्राम खर्रा निवासी समयराम वर्मा ने ऑनलाईन भूमि रिकार्ड कराने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम बहेरा निवासी कांति बाई ने प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देने के संबंध में आवेदन दिया।

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर एडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

